Sixteenth Loksabha

pan>

Title: Need to enquire into the accidents taking place in IIT Kamand Mandi.

श्री रामस्वरूप शर्मा (मंडी):उपाध्यक्ष महोदय, भारत सरकार के संस्थानों में वित्तीय घोटालों और रोजगार आदि अन्य कार्यों में भाई भतीजावाद का उदाहरण मेरे निर्वाचन क्षेत्र में स्थापित आईआईटी कमांद मंडी, हिमाचल प्रदेश में देखने को मिल रहा है। आईआईटी कमांद मंडी की स्थापना 2010 में हुई थी और यह संस्थान पिछले 5 वर्षों में पूरी तरह से तैयार होकर छात्रों को शिक्षा देने का कार्य कर रहा है। केंद्रीय लोक निर्माण विभाग व निदेशक आईआईटी मंडी अपनी मनमर्जी के अनुसार ठेकेदारों का चयन कर रहे हैं और गुणवत्ता की ओर कोई विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वित्तीय नियमों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। इन्हीं कारणों से दो वर्ष पूर्व आईआईटी कमांद में पांच लोगों की हत्या हो चुकी है।

यहां आए दिन स्थानीय लोगों द्वारा रोजगार को लेकर धरने प्रदर्शन समाचार पत्रों की सुर्खियाँ बने रहते हैं और अब तो आईआईटी कमांद में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी धरने प्रदर्शन, मुंडन व प्रैस वार्ता भी कर रहे हैं तथा निदेशक महोदय मूकदर्शक बनकर अपनी मनमर्जी के अनुसार प्रशासन चला रहे हैं। यहां तक की क्लास 3-4 श्रेणी के कर्मचारियों के साक्षात्कार लिए जा रहे हैं, ताकि अपनी इच्छा के अनुसार चहेतों को नौकरी दी जा सके।

मेरा आपके माध्यम से मानव संसाधन मंत्री जी से आग्रह है कि एक विशेष समिति का गठन करें, जो आईआईटी कमांद मंडी में हो रही अनियमितताओं की जांच करके एक रिपोर्ट सरकार को सौंप सके।

HON. DEPUTY SPEAKER: Kunwar Pushpendra Singh Chandel, Shri Sharad Tripathi and Shri Bhairon Prasad Mishra are permitted to associate with the issue raised by Shri Ram Swaroop Sharma.